लिंग-आधारित हिंसा: ये केवल शारीरिक नहीं होती है

लिंग-आधारित हिंसा क्या है?

हर दिन, देश भर में लोगों को अपने लिंग, लैंगिक अभिव्यक्ति, लैंगिक पहचान या कथित लिंग के कारण हिंसा का सामना करना पड़ता है। इसे लिंग-आधारित हिंसा (GBV) कहा जाता है, लेकिन यह जो है या जिस तरह दिखाई देती है, इसके बारे में आप जो भी सोचते हैं या इससे संबंधित जो भी सुना है, यह उससे कहीं अधिक है।

जब हम GBV के बारे में सोचते हैं तो अक्सर किसी अंतरंग साथी के खिलाफ हो रही शारीरिक हिंसा का ही ख्याल आता है। लेकिन GBV के अंतर्गत किसी दूसरे व्यक्ति को शारीरिक, भावनात्मक या यौन रूप से नुकसान पहुँचाने के लिए कहे गए शब्द, कार्य या की गईं कोशिशें शामिल हो सकती हैं, भले ही आपका उसके साथ व्यक्तिगत या ऑनलाइन संबंध हो। वैसे तो GBV कई प्रकार की होती हैं, सामान्य रूप से उन्हें चार श्रेणियों में बाँटा जा सकता है:

भावात्मक हिंसा

ऐसे कहे गए शब्द या किए गए कार्य जो किसी को नियंत्रित करने या डराने या उसके आत्म-सम्मान और स्वाभिमान को कमजोर करते हों, यदि वे शांतिपूर्वक कहे या किए गए हों या नहीं, जिनमें निम्न शामिल हैं:

- धमकियाँ, व्यवहार पर नियंत्रण, डराना-धमकाना और अपमान
- किसी को नीचा दिखाना या अपमानित करना
- डेडनेमिंग (किसी ट्रांस व्यक्ति को पूर्व नाम से संबोधित करना), किसी को “बाहर” करना या किसी की लैंगिक पहचान को नकारना
- किसी व्यक्ति को उसके दोस्तों और परिवार से अलग कर देना

आर्थिक हिंसा

जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को नियंत्रित करने या उसका शोषण करने के लिए धन, संपत्ति या संपदा का इस्तेमाल करता है, जैसे कि:

- कारों या बचत जैसी परिसंपत्तियों को नियंत्रित करना जिनमें वित्तीय खातों तक पहुँच भी शामिल है
- साथी के क्रेडिट इतिहास को खराब करना
- साथी के काम में हस्तक्षेप करना
- साथी को उसकी शिक्षा के लिए भुगतान करने से रोकना
- साथी को आर्थिक रूप से अलग करना

शारीरिक हिंसा

किसी अन्य व्यक्ति के खिलाफ किसी भी प्रकार के शारीरिक बल का इस्तेमाल करना या उसकी धमकी देना, जिनके अंतर्गत निम्न शामिल हैं लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- धक्का देना, मारना, लात मारना या मुक्का मारना
- किसी को बाहर जाने से रोकना या अंदर बंद कर देना
- वस्तुओं को फेंकना या तोड़ना
- गला घोंटना

यौन हिंसा

यौन हिंसा से संबंधित दुष्कर्म किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी परिस्थिति में किया जा सकता है, फिर चाहे पीड़ित के साथ उसका कोई भी संबंध हो या नहीं हो। इनमें निम्न शामिल हो सकते हैं:

- ज़बरदस्ती यौन रूप से स्पर्श करना या समान हरकतें करना, जिसमें किसी और के साथ करना भी शामिल है
- सहमति के बिना यौन संबंध बनाने की कोशिश करना या उसके लिए धमकी देना
- अवांछित यौन टिप्पणियाँ करना या अभद्र संकेत करना
- सहमति के बिना निजी यौन संबंधी तस्वीरें साझा करना
- सहमति के बिना निरोधक निकालना

लिंग-आधारित हिंसा से कौन-कौन प्रभावित होता है?

GBV से महिलाएँ, लड़कियाँ, ट्रांसजेंडर और लिंग विविधता वाले लोग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इन समूहों में, उच्च जोखिम वाले ऐसे लोग आते हैं जो ऐतिहासिक रूप से और लगातार हो रहे उत्पीड़न, जैसे कि लिंगवाद, होमोफ़ोबिया, ट्रांसफ़ोबिया, उपनिवेशवाद, वर्गवाद, नस्लवाद और समर्थवाद के कारण GBV का शिकार हो रहे हैं, इनमें निम्न शामिल हैं:

- स्वदेशी महिलाएँ, लड़कियाँ और 2SLGBTQQIA+ लोग
- अश्वेत महिलाएँ
- कनाडा में आने वाली नई महिलाएँ
- महिला समलैंगिक, पुरुष समलैंगिक, उभयलिंगी और अन्य ऐसे लोग जो यौन संबंधी विपरीत आकर्षण से अलग होते हैं
- ऐसी महिलाएँ जो उत्तरी, ग्रामीण और दूरस्थ समुदायों में रहती हैं
- विकलांग महिलाएँ

लिंग-आधारित हिंसा मुझ पर क्या प्रभाव डालती है?

चाहे आपने इसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया हो या न किया हो, शायद GBV का आपके जीवन पर स्वाभाविक रूप से प्रभाव पड़ा हो। GBV के प्रभाव लंबे समय तक चलने वाले होते हैं जिनका असर पीढ़ि-दर-पीढ़ि तक रहता है, जिसके कारण परिवारों और समुदायों के बीच दुर्व्यवहार और हिंसा का चक्र बना रहता है। लिंग-आधारित हिंसा सभी को पीछे की ओर धकेलती है।

लिंग-आधारित हिंसा को रोकने के लिए मैं क्या कर सकता हूँ?

GBV को ख़त्म करने के लिए, हमें यह पहचानने और सीखने की जरूरत है कि हिंसा किस प्रकार की हो सकती है और हम GBV से प्रभावित किसी व्यक्ति की मदद किस प्रकार कर सकते हैं। हमें पीड़ितों की बात को सुनना चाहिए और GBV से जुड़ी हरकतों को “सिर्फ एक बार की घटना” या “महज शब्द” कहकर टाल नहीं देना चाहिए। हमें एक साथ कार्य करने की आवश्यकता है क्योंकि लिंग-आधारित हिंसा कभी भी महज कोई भी घटना नहीं है — यह हिंसा है।

लिंग-आधारित हिंसा को उचित नहीं ठहराया जा सकता है।

कृपया ध्यान दें कि वेबसाइट केवल अंग्रेज़ी और फ्रेंच भाषा में ही उपलब्ध है।

CANADA.CA/ITSNOTJUST

CANADA.CA/CENESTPASJUSTE

Government of Canada Gouvernement du Canada

Canada